# पॉजिटिव मेंटल हेल्थ पर शोध के लिए सीआईपी-आईआईएम के बीच एमओयू



**भास्कर न्यूज़ | कांके**

सीआईपी, कांके और आईआईएम, रांची के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इसके तहत दोनों संस्थान मिलकर मैनेजमेंट और पॉजिटिव मेंटल हेल्थ के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से शोध करेंगे। यह पूरे देश में मैनेजमेंट ट्रेनिंग और मेंटल हेल्थ रिसर्च के क्षेत्र में अनूठा प्रयास है। इसके तहत दोनों संस्थान किसी नए आयाम के निकलने को लेकर बेहद आशान्वित हैं। आईआईएम के ह्यूमन कनेक्ट प्रोग्राम के तहत इसको किया गया है, जिसका उद्देश्य कम्युनिटी के बीच खुशी और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ाना है। सीआईपी निदेशक डॉ. बासुदेब दास और आईआईएम रांची के निदेशक डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किया। इस मौके पर आईआईएम के मानव संपर्क कार्यक्रम की एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. तनुश्री दत्ता और सीआईपी के प्रोफेसर डॉ. निशांत गोयल एमओयू के तहत सेवाओं और शोध का समन्वय करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. दीपांजन भट्टाचार्जी, डॉ. मधुमिता और डॉ. नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

Dainik Bhaskar, 21.02.2023, Pg. 07